भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
अतारांकित प्रश्न सं. **1116**
रविवार, 20 सितम्बर, 2020/29 भाद्रपद, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## रामायण और बौद्ध सर्किट्स की स्थिति

**1116 श्रीमती शांता क्षत्री:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2017-18, 2018-2019 और 2019-2020 के दौरान रामायण और बौद्ध सर्किट्स की स्थिति क्या है;

(ख) पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने और घरेलु एवं विदेशी पर्यटन के द्वारा रोजगार सृजन के लिए बजटीय आवंटन और उसकी वास्तविक उपयोगिता का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान लक्ष्य हासिल करने में कोई कमी पाई गई हैं या इसके क्रियान्वयन के लिए नियम समय में विलम्ब हुआ है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)** **(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

(क): पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत रामायण तथा बौद्ध सहित विभिन्न थीमो को कवर करते हुए अवसंरचना विकास से संबंधित परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 की अवधि में स्वीकृत परियोजनाओं सहित रामायण तथा बौद्ध परिपथ के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध में दिया गया है। यह परियोजनाएं कार्यान्वियन के विभिन्न चरणों में हैं।

(ख) से (घ): पर्यटन मंत्रालय पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनो को वित्तीय सहायता प्रदान करके, घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार में संवर्धनात्मक और मार्केटिंग संबंधी कार्यकलाप करके, अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रशिक्षित श्रमशक्ति संसाधन के सृजन द्वारा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बजट का आवंटन तथा उपयोग और विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त किए गए लक्ष्य अनेक कारकों पर निर्भर होते हैं जिनमें पिछला निष्पादन, विभिन्न योजनाओं को तैयार किए जाने/ उनके कार्यान्वियन के चरण, यथानिर्धारित रूप से योजनाओं के कार्यान्वियन हेतु कार्यान्वियन एजेंसियों की संस्थागत क्षमता, लाभार्थियों के पास अप्रयुक्त सरकारी सहायता की मात्रा आदि शामिल है।

पिछले 3 वर्षों में विभिन्न योजनाओं/कार्यकलापों के कार्यान्वियन में पर्यटन मंत्रालय के संशोधित अनुमान तथा वास्तविक व्यय का विवरण निम्नानुसार है :-

(करोड़ रु. में)

| वित्तीय वर्ष | संसोधित अनुमान | वास्तविक व्यय |
|---|---|---|
| 2017-18 | 1693.77 | 1689.55 |
| 2018-19 | 1984.79 | 1987.42 |
| 2019-20 | 1286.81 | 1285.31 |

**********

**अनुबंध**

**रामायण और बौद्ध सर्किट्स की स्थिति** के संबंध में दिनांक 20.09.2020 के राज्य सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 1116 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के रामायण तथा बौद्ध परिपथ के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ क्षेत्र** | **परिपथ का नाम/ वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **निर्मुक्त राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ (2016-17) | श्रृंगेरपुर और चित्रकूट | 69.45 | 64.09 |
| 2. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ (2017-18) | अयोध्या का विकास। | 127.21 | 106.64 |
| 3. | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ (2016-17) | सांची-सतना-रीवा -मंदसौर-धार का विकास | 74.02 | 62.33 |
| 4. | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ (2016-17) | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 99.97 | 72.56 |
| 5. | बिहार | बौद्ध परिपथ (2016-17) | कन्वेंशन सेंटर का निर्माण, बोधगया | 98.73 | 48.69 |
| 6. | गुजरात | बौद्ध परिपथ (2017-18) | जूनागढ़ - गिर सोमनाथ-भरूच-कच्छ-भावनगर- राजकोट- मेहसाणा का विकास | 28.67 | 17.40 |
| 7. | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ (2017-18) | आंध्र प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना के तहत : शालीहुंडम-थोटलकोंडा- बाविंकोंडा- बोज्जन कोंडा- अमरावती- अनूपू में बौद्ध परिपथ का विकास | 52.34 | 26.17 |

*******